# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–11 मई 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह मौजूद थे।

यह बैठक कल दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों के एक–दूसरे से बात करने के बाद संघर्ष विराम के मद्देनजर हुई। दोनों देशों के यह अधिकारी कल फिर बात करने वाले हैं। इससे पहले विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कल नई दिल्ली में मीडिया को बताया था कि भारत, पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेता है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ–साथ नियंत्रण रेखा पर उल्लंघन की किसी भी घटना से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

**********

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रम्होस की प्रोडक्शन यूनिट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई भर नहीं है।

**भारत विरोधी और आतंकी संगठनों ने भारत माता के मस्तक पर हमला कर कई परिवारों के सिंदूर मिठाये थे उन्हें भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से इंसाफ दिलाने का काम किया और इसके लिए आज सारा देश भारतीय सेनाओ का अभिनन्दन कर रहा है ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई भर नही है बल्की भारत की राजनैतिक सामाजिक और समरिक इच्छा शक्ति प्रतीक यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृण इच्छा शक्ति की और सैन्य शक्ति की क्षमता और संकल्प शक्ति का भी प्रदर्शन है।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आत्मनिर्भरता, किसी भी स्वावलंबी देश के लिए आवश्यक है।

**किसी भी स्वावलंबिक देश के लिए आवश्यक होता है कि अपनी रक्षा आपूर्ति के लिए वह दुनिया के अन्य देशो पर निर्भर होने की बजाय स्वंय उस लक्ष्य को प्राप्त करे। आज पूरी दुनिया के अंदर आप देख रहे होंगे जो कि अगल अगल क्षेत्रों में हो रहे है उन क्षेत्रों में अगर आप देखेगे कि अगर जिस देशों के पास अपनी स्वंय की रक्षा उत्पादन की क्षमता नही है वह देश इस वर्तमान अभियान के एक अलग थलग पड़े हुए दिखाई देंगे।**

श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में भारत के सामने जो लक्ष्य रखा, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर और ब्रह्मोस मिसाइल उसी अभियान का हिस्सा है।

**********

गृह सचिव गोविंद मोहन ने पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की। सूत्रों ने बताया है कि उन्हें अलर्ट रहने और सीमा पार से किसी गोलीबारी से निपटने और अपने क्षेत्रों में नागरिक रक्षा तंत्र को सक्रिय करने को कहा गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा के बाद यह बैठक हुई।

**********

वायु सेना ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसे जो कार्य सौंपे गए वे सभी उसने पूरी कुशलता के साथ पूरे किए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में वायु सेना ने कहा है कि सभी ऑपरेशन राष्ट्रीय हितो को ध्यान में रखते हुए शानदार तरीके से चलाए गए। अभी यह ऑपरेशन चल रहे हैं और उचित समय पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। वायु सेना ने सभी से आग्रह किया है कि वे अटकलबाजी से बचे और अपुष्ट जानकारी साझा न करें।

**********

विश्व के कई नेताओं ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का स्वागत करते हुए इसे दोनों देशों के बीच तनाव कम करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतरेस ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौते का स्वागत किया है और दोनों देशों से इस दिशा में आगे बढ़ने की अपील की है। इसी प्रकार ब्रिटेन,, यूरोपीय संघ, सऊदी अरब ने भी अपने अपने वक्तव्य में उम्मीद जताई है कि यह संघर्ष विराम क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को बहाल करने में योगदान देगा।

**********

दिल्ली हवाई अड्डे से उड़ानों की आवाजाही सुचारू रूप से जारी है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड–डायल ने एक परामर्श में कहा है कि वर्तमान परिदृष्य में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के अनिवार्य सुरक्षा प्रोटोकॉल के लिए, उड़ानों के समय में बदलाव हो सकता है और यात्रियों को सुरक्षा जांच के दौरान भी इंतजार करना पड़ सकता है। यात्रियों को संबंधित एयरलाइन के संचार माध्यमों से सम्पर्क में रहने और निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने को कहा गया है।

**********

दुनियाभर में आज मातृ दिवस मनाया जा रहा है। मातृ दिवस एक वार्षिक पर्व है, जो दुनियाभर में मातृत्व और मां के प्रति प्रेम व योगदान को समर्पित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मातृ दिवस की प्रदेश वासियों को बधाई दी है।

**********